**Extension Lecture 'Campus to Corporate' on March 4, 2024**

Placement Cell and Commerce Department of R.K.S.D. College, Kaithal organized an extension lecture on 'Campus to Corporate' for the students of B.Com, BBA and B.VOC-final year. In which Disha For Success and Talent Grow Global Pvt. Ltd founder Mrs. Indu Aggarwal, Higher Education Former Deputy Director And Govt College, Ambala Cantt retired Principal Dr. Arun Joshi and Mr. Vinay Bhalla Alumnus R.K.S.D. College, Kaithal served as speaker. Smt. Indu Aggarwal taught about Entrepreneurship and trained students for skill enhancement. The stage was moderated by Dr. Vishal Anand. In this program Dr. Pooja Gupta and Dr. Rachna Sardana and other participated from college. Around 90 students participated in the event.



## बिना स्किल के किसी भी फील्ड में महारत हासिल नहीं की जा सकती : डा. इंदु अग्रवाल

कैथल। आरकेएसडी कॉलेज कैथल के प्लेसमेंट सेल व कॉमर्स विभाग के सहयोग से 4 मार्च 2024 को कैम्पस टू कॉपोरेंट कार्यक्रम पर एक एक्सटेंशन लेक्चरर आयोजित किया गया जिसमें दिशा फॉर सक्सेस एंड टैलेंट ग्राओ ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड की फाउंडर इंदु अग्रवाल , हायर एजुकेशन के पूर्व डिप्टी डायरेक्टर और गवर्नमेंट कॉलेज अंबाला कैंट से रिटायर्ड प्रिंसिपल डॉक्टर अरुण जोशी व विनय भल्ला एलुमिनस आरकेएसडी कॉलेज कैथल ने वकताओं के रूप में अपना सहयोग दिया। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथिगण के स्वागत से किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय गोयल ने अतिथियों का सम्मान किया और बच्चों को प्रोत्साहित किया। टैलेंट गो ग्लोबल एवं दिशा फॉर सक्सेस की फाउंडर इंदु अग्रवाल ने उद्यमिता के बारे में और कौशल विकास के बारे में बच्चों को बताया उन्होंने यह भी समझाया कि बिना स्किल के किसी भी फील्ड में महारत हासिल नहीं की जा सकती।

# RKSD COLLEGE, KAITHAL
( “A” Grade, NAAC Accredited)
Affiliated to Kurukshetra University Kurukshetra

# देश के आर्थिक विकास में महिलाओं की भूमिका अहम

## आरकेएसडी कॉलेज में ऑनलाइन सेमिनार में विचार-विमर्श

संवाद न्यूज एजेंसी

**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज कैथल के अर्थशास्त्र विभाग एवं महिला प्रकोष्ठ ने मंगलवार को गूगल मीट पर आर्थिक विकास में महिला सशक्तीकरण की भूमिका विषय पर एक दिवसीय ऑनलाइन राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया। इस मौके पर देश में विकास के मुद्दे पर महिला सशक्तीकरण की चर्चा की गई। उनकी भूमिका अहम बताई गई।

उद्घाटन सत्र की शुरुआत डॉ. रितु वालिया के परिचय और स्वागत से हुई। प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने मुख्य अतिथि डॉ. एमएम गोयल, पूर्व डीन ऑफ कॉलेजेज एंड सोशल साइंसेज, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी, कुरुक्षेत्र और पूर्व कुलपति, स्टारेक्स यूनिवर्सिटी गुरूग्राम का औपचारिक स्वागत किया। डॉ. सीमा गुप्ता ने सेमिनार का विषय प्रवर्तन किया। डॉ. एमएम गोयल ने कहा कि विकसित भारत के लिए महिला सशक्तीकरण आवश्यक है और 2047 तक विकसित भारत बनने के लिए एक महत्वपूर्ण कारक है।

इस पूरे सत्र में अर्थशास्त्र की प्राध्यापिका डॉ. श्वेता खोली, जम्मू केंद्रीय विश्वविद्यालय की डॉ. अर्पणा नेगी और लखनऊ विश्वविद्यालय की डॉ. रितु नारंग मुख्य वक्ता रही। आरकेएसडी कॉलेज की डॉ. शिल्पी अग्रवाल ने उनका स्वागत किया। सेमिनार में 14 तकनीकी सत्रों में लगभग 130 शोध पत्र प्रस्तुत किए। समापन सत्र में भिवानी के चौ. बंसी लाल विवि के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल मुख्य वक्ता रहे। डॉ. संजय गोयल ने स्वागत किया और सेमिनार के विषय के बारे में जानकारी दी। प्रोफेसर ऋचा लांग्यान ने अंत में रिपोर्ट प्रस्तुत की और पढ़ी। सेमिनार प्रतिभागियों की प्रतिक्रिया और डॉ. गीता गोयल के धन्यवाद ज्ञापन दिया।



आरकेएसडी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी व स्टाफ। संस्थान

## युवाओं को कौशल विकास के बारे में बताया

**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज कैथल के रोजगार प्रकोष्ठ व कॉमर्स विभाग के सहयोग से कैंपस टू कॉरपोरेट कार्यक्रम पर विशेष व्याख्यान हुआ। इसमें दिशा फॉर सक्सेस एंड टैलेंट ग्राओ ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड की फाउंडर इंदु अग्रवाल, हायर एजुकेशन के पूर्व डिप्टी डायरेक्टर और राजकीय कॉलेज अंबाला कैंट से रिटायर्ड प्रिंसिपल डॉ. अरुण जोशी व विनय भल्ला एलुमिनस आरकेएसडी कॉलेज कैथल ने वक्ता के रूप में अपना सहयोग दिया। प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने अतिथियों का सम्मान किया। टैलेंट गो ग्लोबल एवं दिशा फॉर सक्सेस की फाउंडर इंदु अग्रवाल ने उद्यमिता के बारे में और कौशल विकास के बारे में बताया। मंच संचालन डॉ विशाल आनंद ने किया। संवाद

